8. सर्वनाम

संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है। सर्वनाम संज्ञा की जगह आकर इनके बारंबार प्रयोग से भाषा को बचाते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका सर्वनाम की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ बच्चों से कुछ सर्वनामों के बारे में पूछें।
- ❖ सर्वनामों के भेद बच्चों से जानें तदुपरांत स्वयं उन्हें बताएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए दोनों वाक्यों को बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ पुल्लिंग-स्त्रीलिंग शब्दों में सर्वनाम का रूप नहीं बदलता, समझाएँ।
- ❖ समझाएँ, वचन के आधार पर सर्वनामों का रूप बदल जाता है।
- ❖ सर्वनाम के भेदों की परिभाषा याद करवाएँ तथा उदाहरणों द्वारा सभी भेद समझाएँ।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान रखें।
- ❖ अभ्यास करवाने में यथासंभव सहायता करें।